# समाहरणालय,बक्सर

(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

पत्रांक 17-55/सा0सु0

प्रेषक,

**जिला पदाधिकारी,**
**बक्सर।**

सेवा में,

**अपर आयुक्त निःशक्तता,**
**बिहार पटना।**

बक्सर,दिनांक 02/02/2019

विषय :— **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुपालन के तहत् जिला पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक एवं दिव्यांगजनों के विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के लिए चलन्त न्यायालय (लोक अदालत) के आयोजन के संबंध में।**

प्रसंग :— भवदीय पत्रांक **08**/आ0नि0को0 दिनांक **04.01.2019**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सादर सूचित करना है कि इस जिला में दिनांक **06.02.2019** को दिव्यांगजन के हितार्थ आयोजित चलन्त न्यायालय (मोबाईल कोर्ट) व अन्य से संबंधित कार्यक्रम इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक **17-44**/सा0सु0, दिनांक **22.01.2019** के द्वारा निर्धारित की गई है। वर्तमान में जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, जिनकी सहभागिता इस कार्यक्रम में अनिवार्य है। साथ ही दिनांक **06.02.2019** से **16.02.2019** तक बिहार इण्टरमीडिएट परीक्षा भी सम्पन्न होनी है, जिसमें जिले के लगभग सभी विभाग के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होनी है। साथ ही परीक्षा के कारण चलन्त न्यायालय के आयोजन में विधि–व्यवस्था के संधारण हेतु पुलिस बल का उपलब्ध हो पाना सम्भव नहीं है।

अतः अनुरोध है कि इन परिस्थितियों में दिनांक **03.02.2019** से **06.02.2019** तक दिव्यांगजन के हितार्थ आयोजित चलन्त न्यायालय (मोबाईल कोर्ट) व अन्य से संबंधित कार्यक्रम को स्थगित करते हुए तिथि का पुनर्निधारण करने की कृपा की जाय जिससे कि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।

विश्वासभाजन

2/2/19

**जिला पदाधिकारी**
**बक्सर**

ज्ञापांक – 17-55 सा0 सु0 दिनांक – 02/02/2019

1. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बक्सर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वयं सेवी संस्थाओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर एवं डुमरॉव/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बक्सर/श्रम अधीक्षक, बक्सर/जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, बक्सर/जिला नियोजन पदाधिकारी, बक्सर/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल/पथ प्रमंडल/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान/जिला कल्याण पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी/सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बक्सर/सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर/जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, बक्सर/जिला परिवहन पदाधिकारी, बक्सर/जिला अभियंता, जिला परिषद, बक्सर/जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, बक्सर/जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर/जिला आपदा प्रबंधन के प्रभारी पदाधिकारी, बक्सर/जिला खेल कूद पदाधिकारी, बक्सर/जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बक्सर/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बक्सर/जिला लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, बक्सर/निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बक्सर/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 बक्सर/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर/कारा अधीक्षक, बक्सर/उप निर्वाचन पदाधिकारी, बक्सर/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर एवं डुमरॉव/प्रभारी पदाधिकारी, जिला बैंकिंग शाखा, बक्सर/जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बक्सर जिला प्रबंधक, जिविका, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. नजारत उप समाहर्त्ता, बक्सर एवं स्थापना उप समाहर्त्ता, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. अपर समाहर्त्ता, बक्सर/उप विकास आयुक्त, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. पुलिस अधीक्षक, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।
9. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर को सूचनार्थ।
10. सचिव, रेड क्रॉस सोसाईटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
11. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।
12. आयुक्त पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
13. राज्य आयुक्त, निःशक्तता को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
14. निदेशक, दिव्यांगता सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी
बक्सर